वर्ष 3 अंक 213
पृष्ठ 16
मुजफ्फरपुर, मंगलवार
3 फरवरी 2015
नगर संस्करण ***
मूल्य ₹ 4.00

दैनिक जागरण
विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

अमेरिका-भारत रिश्तों से चीन को खतरा नहीं 16
स्मिथ की कप्तानी में खेलने को तैयार क्लार्क 14

www.jagran.com
बिहार • झारखंड • प. बंगाल • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

जयंती पर याद किए ललित बाबू

पूर्व रेल मंत्री की याद में विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित

जासं., समस्तीपुर : पूर्व रेलमंत्री स्व. ललित नारायण मिश्र को लोगों ने उनकी जयंती पर शिद्दत से याद किया। उनके सम्मान में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्थानीय रेलवे प्लेटफार्म पर कांग्रेसजनों ने जिला प्रभारी डा. तरूण कुमार एवं नगर कांग्रेस के अध्यक्ष सुजय कुमार की अध्यक्षता में धूमधाम से स्व. ललित बाबू की जयंती मनाई। उनके समाधि स्थल रेलवे प्लेटफार्म पर कांग्रेस जनों ने एक सभा का आयोजन किया। जिसमें पूर्व विधायक चंद्रबली ठाकुर, फकरूद्दीन अली जौहर, पांडेय भूपेंद्र ब्रजेश यादव, डोमन राय, बद्री प्रसाद सिंह, मनोज भारद्वाज, राहुल कुमार, निलमणि सिन्हा, विनय कुमार, जुही इमाम, प्रशांत कुमार, मनोज कुमार जोशी, सुजीत कुमार, चंदन कुमार, मनीष कुमार, अमर कुमार सहित आम नागरिक मौजूद थे। वहीं मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मथुरापुर समस्तीपुर के प्रांगण में देश के पूर्व रेलमंत्री स्व. ललित बाबू की 93 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव मो. अबु तमीम ने अपने भाषण में कहा कि लिलत बाबू एक ऐसे व्यक्ति थे जिनसे आज के लोगों को अपने जीवन में सीख लेने की आवश्यकता है और कहा कि ललित बाबू हमारे लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक मो. अबु सईद, प्राचार्य डा. संजय कुमार, डा. अली हसन अंसारी, डा. अशोक कुमार अकेला, अर्चना कुमारी, किश्वर जहां, डा. आभा, प्रतिभा राय, कामिनी जायसवाल, अवधेश कुमार राय, पल्लव कुमार पारस आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। आरएनआर महाविद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में प्रधानाचार्य डा. सरदार अरविंद सिंह की अध्यक्षता में महाविद्यालय परिवार की ओर से ललित बाबू के चित्र पर पुष्प अर्पित की गई। मौके पर प्रो. एससी झा, डा. मिनी ठाकुर, डा. एचके सिंह, प्रो. मृदुला रानी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन डा. बीके चौधरी ने किया। महिला कॉलेज में प्राचार्य डा. मीना प्रसाद की अध्यक्षता में प्रो. शारदा सिन्हा, नीता मेहता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। समस्तीपुर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले प्राचार्य डा. जवाहर लाल झा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुई। मौके पर डा. अभिलाषा सिंह, डा. प्रभात कुमार, डा. क्रांति कुमार, डा. एसएन तिवारी, डा. अमीर अली खान आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बीआरबी कॉलेज में प्रधानाचार्य डा. शंभु कुमार यादव की अध्यक्षता में डा. रमेश झा, प्रो. सैफुल्ला सैफ, डा. देवेंद्र चौधरी, डा. आशा कुमारी, डा. अरुण कुमार घोष, राम प्रकाश प्रसाद, एसएन ठाकुर, श्वाती प्रिया आदि ने अपने विचार रखे। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. नरेश कुमार विकल ने किया।